हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 30 मार्च, 2016/10 चैत्र,1938 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 10

प्राथमिक पाठशाला का उन्नयन

1300 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्राथमिक पाठशाला रशोल को स्तरोन्नत कर माध्यमिक पाठशाला का दर्जा दिया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) इस प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है; अध्यापकों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; सरकार द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठाए गए हैं ?

वॉल्वो बसें

1301 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में कितनी प्राइवेट वोल्वो बसें शिमला से किस-किस शहर को चलाई जा रही हैं; ब्यौरा समय-सारिणी सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि इन बसों द्वारा प्रदेश का प्रतिदिन टैक्स जमा करवाया जाता है; यदि हां, तो दिनांक 31-1-2016 तक इन द्वारा कितना टैक्स जमा करवाया गया; विवरण दें?

लाडा के अन्तर्गत धनराशि

1302 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि लाडा के अन्तर्गत सैन्ज-कुल्लू स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के निर्माण हेतु 1 करोड़ 73 लाख रूपये की राशि ग्राम पंचायत रैला को स्वीकृत की गई है;

(ख) यदि हां, तो यह स्वीकृति कब प्रदान की गई;

(ग) यह भी सत्य है कि यह मामला प्रशासनिक स्वीकृति हेतु खण्ड विकास अधिकारी कुल्लू द्वारा अधिशासी अभियन्ता पंचायती राज मण्डी को प्रेषित किया है; और

(घ) यदि हां, तो अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति न मिलने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

सड़कों की डी0 पी0 आर0

1303 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नौण-पठान-दाड़ी-कुनसोट तथा कांढा से मरहोला वाया लोट सड़कों को कब पी0एम0जी0एस0वाई0 में डाला गया;

(ख) इनकी DPR क्या बन चुकी है; और

(ग) इनके निर्माण के लिए कितना बजट स्वीकृत हुआ है; ब्यौरा वर्तमान स्थिति सहित दें?

सड़क निर्माण

1304 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जंजैहली सड़क से गांव ओट तक सड़क निर्माण तथा इसे पक्का करने के लिए किस मद के अन्तर्गत कितनी राशि स्वीकृत की गई ; और

(ख) स्वीकृत धनराशि में से कितनी राशि व्यय की जा चुकी है और कितनी शेष है; विवरण दें?

किसानों को मुआवज़ा

1305 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सड़क निर्माण या किसी अन्य प्रोजैक्ट निर्माण में किसान की भूमि के लिए Land Acquisition Act के अन्तर्गत किस दर से मुआवज़ा दिया जाता है; ब्यौरा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की भूमि का अलग-अलग दें?

सपेन रिजॉर्ट

1306 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 15 मील बड़ाग्रां बिहाल में एक निजी होटल 'सपेन रिजॉर्ट' स्थित है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस रिजॉर्ट के लिए भूमि लीज पर दी गयी हैं, कितनी भूमि किस-किस शर्त पर लीज पर दी गयी; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह भूमि किस वर्ष लीज पर दी गयी थी; इस हेतु क्या ग्राम पंचायत से भी अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया गया था; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

भवन निर्माण

1307 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुण्डी का भवन जर्जर अवस्था में है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके पुनः निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड में नियुक्ति

1308 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड में कितने लोगों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया; कितने लोगों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया; ब्यौरा पदवार नाम सहित दें; और

(ख) सरकार ने कितने व्यक्तियों को नियुक्त किया; ब्यौरा पदवार नाम व पते सहित दें?

सैंज-शराड़ सड़क

1309 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2006-07 में प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना फेस-IV के अन्तर्गत सैंज से डाक शराड़ सड़क निर्माण हेतु मु0 2 करोड़ 19 लाख रूपये स्वीकृत किए गए थे;

(ख) यदि हां, तो इस योजना से न तो गांव डाक शराड़ जिसकी जनसंख्या 500 से अधिक है और न ही पंचायत मुख्यालय को जोड़ने हेतु सड़क निर्माण किया गया; और

(ग) इस सड़क निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा यह सड़क डाक शराड़ तक कब तक पूर्ण होगी; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 14 मार्च, 2016 . **सचिव।**